हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 3 मई 2024

11 कठिन परिश्रम व लग्न सफलता के मूल मंत्र



12 सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद बंद



# चुनाव की पहली रिहर्सल: पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारी गैरहाजिर, 29 को थमाया नोटिस

## अधिकारियों को मिले नोटिस का जवाब देने का आज अंतिम दिन, संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो होगी नियमानुसार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लोकसभा आम चुनाव-2023 की प्रथम रिहर्सल 26 व 27 अप्रैल को सभागार भवन में हुई। इसमें 26 अप्रैल को 918 पीठासीन अधिकारी व 27 अप्रैल को 918 सहायक पीठासीन अधिकारियों को रिहर्सल के लिए बुलाया गया था। दोनों ही बैठक में करीब 29 पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारी गैर हाजिर रहे। जिला उपायुक्त एवं निर्वाचन अधिकारी मोनिका गुप्ता की ओर से इन सभी 29 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में सभी अधिकारियों को तीन मई यानी शुक्रवार तक अपना जवाब देना होगा। जवाब संतोषकजनक नहीं पाए जाने गैरहाजिर रहने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।

### यह नोटिस किया जारी

जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर पत्र क्रमांक 2024/1275 जारी किया है। इस पत्र में कहा गया है कि चुनाव कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए 26 अप्रैल को पीठासीन अधिकारी और अगले दिन 27 अप्रैल को सहायक पीठासीन अधिकारी की प्रथम रिहर्सल का आयोजन लघु सचिवालय के पास स्थित सभागार भवन में किया गया था। इस प्रशिक्षण में कई पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारियों ने भाग नहीं लिया। जोकि कर्तव्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। क्यों ना आप पर आर.पी. एक्ट 1951 की धारा 134 के तहत कार्यवाही अमल



में लाई जाए। ऐसे में निर्देश दिए जाते है कि प्रथम रिहर्सल में अनुपस्थित रहने संबंधित कारण बताओ नोटिस का जवाब तीन मई तक जिला निर्वाचन कार्यालय नारनौल में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

### इन अधिकारियों को दिए नोटिस

डा. अमित कुमार, सहायक प्रोफेसर, सीयूएच जाट पाली, डा. चित्रमल मीणा, सहायक प्रोफेसर, सीयूएच जाट पाली, डा. सुमित कुमार, सहायक प्रोफेसर सीयूएच जाट पाली, श्रवण कुमार, अधिकारी पीएनबी बुचावास, नसीब सिंह, अधीक्षक डीआईपीआरओ नारनौल, नवीन कुमार, सहायक प्रोफेसर जीसीडब्ल्यू नारनौल, नितिन भार्गव, कार्यकारी अभियंता जल सिंचाई विभाग, राजपाल पीजीटी, जीएमएसएसएसएस धौलेड़ा, देवेंद्र कुमार, उप शाखा प्रबंधक एसबीआई महेंद्रगढ़, संदीप, बीएओ एएफडब्ल्यूडी कनीना, सतिन्द्र, सहायक नगर योजनाकार डीटीपी नारनौल, चंद्रप्रकाश, ग्रुप इंस्ट्रक्टर आईटीआई, गुगनराम, टीजीटी, जीएमएस पायगा हिम्मत सिंह, वर्क इंस्ट्रक्टर बीकेएन नारनौल, कर्मवीर, लाईब्रेरियन आईटीआई, मनोज कुमार, सीओ एंड पीए आईटीआई, भोजावास, नीरज कुमार, मण्डल लेखाकार, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नं.-2, प्रताप सिंह, टीजीटी, जीजीएसएसएस दुलोठ अहीर, प्रवीण कुमार, जेई पश्चिम-दक्षिण उपमंडल नं.-3, राजेश, टीजीटी जीएसएसएस ढाढोत, राजेश कुमार सहायक, जिला शिक्षा अधिकारी नारनौल, संजय कुमार, तकनीकी सहायक बीएसएनएल महेंद्रगढ़, सतीश कुमार जेई, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उपमंडल नं.-4, सिकन्दर सिंह, वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर बीकेएन नारनौल, सिद्धार्थ, जेई एचवीपीएनएल नारनौल, सुरेंद्र सिंह, एग्रीकल्चर इंस्ट्रक्टर एएससीओ महेंद्रगढ़, विनय कुमार, सहायक उपमण्डल अधिकारी महेंद्रगढ़, विरेंद्र कुमार, मुख्य शिक्षक जीपीएस मसानी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### धर्मबीर सिंह कल करेंगे नामांकन पत्र दाखिल

**नारनौल।** भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह चार मई सुबह 10 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इससे पहले वे चुनावी कार्यालय सीताराम मैरिज पैलेस में जनसभा को संबोधित करेंगे। नामांकन पत्र के समय केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश वित्त मंत्री जेपी दलाल, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व शिक्षा मंत्री रामबीलास शर्मा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। जिसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### शहीद मेजर दहिया कॉलेज में ईवीएस परीक्षा आज

नांगल चौधरी। शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज में तीन मई को ईवीएस विषय की परीक्षा होगी। जिसमें उत्तीर्ण रहने वाले विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। प्राचार्य डा. अनिल यादव ने बताया कि समेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। बीए, बीएससी, बीकॉम के नियमित व रि-अपीयर द्वितीय समेस्टर के विद्यार्थियों को ईवीएस की परीक्षा में उत्तीर्ण होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि सुबह नौ बजे परीक्षा शुरू होगी, जिसमें सम्मलित होने के लिए परीक्षार्थियों को कॉलेज का पहचान पत्र व अनुक्रमांक स्लिप साथ लाना अनिवार्य है।

### अवैध शराब बेचते एक काबू, देसी शराब बरामद

**नारनौल।** गहली चौकी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान श्यामसुंदर पुत्र बनवारी लाल वासी जाखनी के रूप में हुई है। जिससे पुलिस ने छह बोतल व 14 अध्धे देसी शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज किया है। इस बारे में पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि गहली चौकी पुलिस गश्त के दौरान गांव खेड़मा चौक पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की गांव जाखनी से महरमपुर मोड़ पर श्यामसुंदर वासी जाखनी प्लास्टिक के कट्टे में शराब रखकर अवैध रूप से बेच रहा हे। जिस पर ुलिस ने रेड कर आरोपित को काबू कर लिया। जिसके पास मिले प्लास्टिक के कट्टे की जांच करने पर उसमें छह बोतल व 15 अध्धे देसी शराब बरामद हुई।

## पीड़िता के पिता का आरोप: साजिशन ससुरालजनों ने दिया जहर

# जहर से तीन वर्षीय बच्चे की मौत जिंदगी और मौत से जूझ रही मां

सिहोर गांव की घटना पुलिस ने महिला के पिता की शिकायत पर 8 लोगों के खिलाफ किया हत्या का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। पुत्र के हत्यारोपित तेजपाल को कोर्ट में पेश करने ले जाती पुलिस।

गांवा सिहोर गांव में ससुरालजनों ने महिला व उसके तीन वर्षीय बेटे को जहर दे दिया। जिससे बेटे की मौत हो गई, जबकि पत्नी अस्पताल में जिंदगी व मौत से लड़ाई लड़ रही है। पुलिस ने पीड़ित बेटी के पिता की शिकायत पर सास, ससुर, पति सहित आठ लोगों के खिलाफ हत्या, दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। कनीना सिटी थाना अंतर्गत गांव सिहोर में घटित इस घटना के बाद से ही चर्चाओं का दौर गर्म है।

पुलिस ने हत्यारोपित पति तेजपाल, ससुर सतनारायण को काबू कर वीरवार को एसडीजेएम कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड की अनुशंसा की, लेकिन कोर्ट ने एक दिन के रिमांड की मंजूरी दी। रिमांड के दौरान पुलिस जहर देने के आरोपितों की आपस में हुई बातचीत की रिकार्डिंग, फरार आरोपितों की लोकेश आदि के बारे में पूछताछ करेगी। पुलिस को दी शिकायत में बेटी के राजस्थान के नीमकाथाना में फतेहपुरा ढाणी अहीर वासी पिता सुरेश कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी लड़की कनिका की शादी दिसम्बर-2020 में सिहोर वासी तेजपाल के साथ पूरे सामर्थ्य अनुसार की थी।

### दहेज के लिए करते हैं तंग

शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालजन उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। कई बार पंचायत करके उन्हें समझाया भी गया, लेकिन उनके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। उनकी पुत्री को शारीरिक व मानसिक यातना देते रहे। दहेज की मांग को लेकर उन्होंने उनकी पुत्री व दोहते को जान से मारने तक की धमकी भी दी। इतना ही नहीं, उन्होंने लड़की के चरित्र पर भी सवाल उठाए। इस बात की जानकारी उसकी बेटी ने परिजनों को फोन पर दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि एक मई को उसके पास सतनारायण ने मोबाइल पर संदेश दिया कि उनकी लड़की तथा दोहता की तबीयत खराब है, उन्होंने जहर ले लिया है, जो कनीना के निजी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। उन्होंने आकर देखा तो उसका तीन वर्षीय दोहता अरनव की मौत हो चुकी थी तथा बेटी आईसीयू में मौत से लड़ाई लड़ रही थी।

पुलिस ने अरनव की हत्या व कनिका के दहेज उत्पीड़न के आरोपित ससुर सतनारायण, पति तेजपाल, सास सविता, ननद सोनू, रेनु, ज्योति, तेजपाल के जीजा देवेंद्र वासी बिहारीपुर व राकेश वासी धवाना के खिलाफ सुनियोजित तरीके से हत्या करने, दहेज उत्पीड़न सहित भादस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

कनीना सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि महिला के पति तेजपाल व ससुर सतनारायण को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। जहां उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इधर, मृतक का पंचनामा करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पत्नी ने गहने देने से मना किया तो रसोई में बंद कर चाकू से हमला, सिर पर तवे से किया वार शोर सुनकर आए पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ बचाया

- घटना के वक्त चाय बना रही थी पीड़िता, घूमने गया था बेटा और बाहर बैठे थे सास-ससुर

**नारनौल।** सदर थाना के गांव गहली में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी से गहने मांगे, लेकिन पत्नी से गहने देने से मना कर दिया। जिस पर व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर चाकू से कई वार कर दिए। शोर सुनकर परिजनों से महिला को उसके पती से बचाया और उसे अस्पताल में दाखिला करवाया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने गहली पुलिस चौकी में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह सुबह अपने घर पर रसोई में चाय बना रही थी। वहीं उसके सास-ससुर बाहर बैठे हुए थे, जबकि उसका बेटा पंकज सुबह बाहर घुमने गया हुआ था। उसी समय उसका पति पवन रसोई में उसके पास आया और उससे गहने मांगने लगा। जिस पर उसे गहने देने से मना किया तो उसके पति ने रसोई का दरवाजा बंद कर दिया और कहा कि आज तुझे जान से मारूंगा। इसके बाद जान से मारने की नीयत से रसोई में रखा चाकू उठा लिया और उसका गला काटने लगा, जिस पर उसने अपना हाथ आगे कर दिया। जिसके बाद उसके पति ने कई बार उसके हाथों पर कई बार वार किए। जिससे उसके हाथों पर चोट लगी। इसके बाद पति ने रसोई में रखा रोटी बनाने वाले तव्वे को उठाकर सर में मारा। जिससे उसके पैरों, कमर, माथे, सर, हाथों व मुंह पर चोट लग गई। जिस पर उसे बचाओ-बचाओ का शोर मचाया तो आस-पड़ोस के लोगों व उसके बेटे ने रसोई का गेट तोड़कर उसको बचाया, लेकिन इसके बाद भी पति ने उसे घर से बाहर नहीं निकलने दिया तो, किसी ने घटना की जानकारी डायल 112 पर दी। जिसके बाद डायल 112 पुलिस मौके पर घर पहुंची और उसे छुड़वाकर गहली चौकी लेकर आई। इसके बाद उसका भाई दक्षेस, जयप्रकाश, अशनी व उसकी भाभी मंजू उसे चौकी से नारनौल अस्पताल में लेकर आए और उसका इलाज शुरू करवाया। पुलिस ने पीड़ित पत्नी की शिकायत में आरोपित पति के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 342 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए चौथे दिन चार उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

- एप पर देख सकते हैं उम्मीदवारों की पूरी जानकारी

**नारनौल।** भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन के चौथे दिन वीरवार को चार उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन आगामी छह मई तक दाखिल किया जा सकता है। आवेदन पत्र कमरा नंबर 114 प्रथम तल लघु सचिवालय में सुबह 11 से लेकर दोपहर तीन बजे तक जमा किए जा सकते हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अब तक कुल सात नामांकन दाखिल हो चुके हैं। चौथे दिन वीरवार को राव बहादुर सिंह ने जननायक जनता पार्टी से अपना नामांकन पत्र भरा। वहीं कर्ण सिंह ने इसी पार्टी के कवरिंग कैंडीडेट के तौर पर पर्चा भरा। इसके अलावा वर्षा ने बहुजन मुक्ति पार्टी व हेमंत ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करते ही एनआईसी की टीम सारे कागजात को एनकोर साफ्टवेयर के माध्यम से अपलोड कर रही है। इसके बाद कोई भी नागरिक नो यूअर कैंडिडेट एप डाउनलोड करके अपने उम्मीदवार की जानकारी देख सकता है।

### बाइक सवार दो युवकों ने झपटी हुडा में पैदल घर जा रही स्कूल प्रवक्ता की चेन

**नारनौल।** हुडा सेक्टर में दो अज्ञात बाइक सवार युवकों ने स्कूल टीचर के गले से सोने की चेन तोड़ी ली और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने महिला टीचर की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बारे में पीड़ित महिला मंजू यादव पत्नी अशोक कुमार वासी गांव भांखरी हाल निवासी हुडा सेक्टर ने बताया कि वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोरासी में प्रवक्ता पद पर कार्यरत है। महिला ने बताया कि बुधवार दोपहर को वह अपनी भाभी प्रमिला के साथ आदर्श स्कूल से स्कूटी पर सवार होकर सेक्टर में आ रही थी। उसकी भाभी ने उसे हुडा सेक्टर में सीएल स्कूल के तिराहे पर छोड़ दिया। इसके बाद वह पैदल अपने घर जा रही थी, तभी बाइक पर सवार होकर दो लड़के आए और उसके गले से सोने की चेन तोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित टीचर की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एनएच-152 पर कट की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी



**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों का प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना वीरवार को 417वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता सूबेदार सुखवीर सिंह छितरोली ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली की वजह से कट का कार्य अटका पड़ा है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। इस मौके पर नरेंद्र शास्त्री, रणधीर पहलवान, हरिओम पोता, बेड़ासिंह, लक्ष्मण सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशीराम, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सूबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, मनोज, शेरसिंह, रोशन रहे।

### हकेंवि के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने धारूहेड़ा, हरियाणा स्थित हीरो मोटोकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण किया। जिसमें विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एमकॉम के 50 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस तरह के आयोजनों को शैक्षणिक अध्ययन के साथ-साथ व्यावहारिक समझ विकसित करने के लिए उपयोगी बताया। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी इस तरह के आयोजन को कौशल विकास के स्तर पर विद्यार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण बताया। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष व आयोजन के संयोजक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा तथा सह-संयोजक डॉ. भूषण सिंह भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल निदेशक प्रो. आकाश सक्सेना व उपनिदेशक डॉ. दिव्या शर्मा ने बताया कि यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के



सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ संबंधित विषय की प्रायोगिक समझ को बढ़ाने में मददगार साबित होगा। हीरो मोटर कॉर्प की ओर से सुधांशु ने विद्यार्थियों को औद्योगिक परिचालन के विभिन्न पहलुओं के उत्पादन प्रक्रियाओं से लेकर आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए। डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी पर हर्ष व्यक्त करते हुए कौशल विकास के लिए इस तरह के आयोजन को आवश्यक बताया।

# खुशखबरी: बीकानेर दानापुर साप्ताहिक ट्रेन पहुंची महेंद्रगढ़, 93 सवारी लेकर हुई रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेदग्रढ़

रेलवे विभाग की ओर से बीकानेर से दानापुर स्टेशन तक नई स्पेशल ट्रेन का संचालन वीरवार से शुरू कर दिया गया हैं। वीरवार को पहली बार नई स्पेशल ट्रेन महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इस दौरान महेंद्रगढ़ स्टेशन से 93 सवारी ने ट्रेन का लाभ उठाया। दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि बीकानेर से दानापुर स्टेशन तक नई स्पेशल ट्रेन का संचालन वीरवार से शुरू हो गया है। इस गाड़ी के चलने से कई राज्यों के यात्रियों में खुशी का महौल है। यह स्पेशल ट्रेन 28 जून तक चलेगी। यह गाड़ी प्रत्येक वीरवार को बीकानेर स्टेशन से सुबह 10.45 बजे रवाना होकर दोपहर 2.35 बजे सादलपुर, 3.15 बजे लोहारू व 3.45 बजे महेंद्रगढ़ स्टेशन रवाना होकर शाम छह बजे दिल्ली, रात को 22.35 बजे मुरादाबाद, 12.03 बजे बरेली, 3.40 बजकर लखनऊ, 8.45 बजे वाराणसी, 11.37 बजे बक्सर स्टेशन से आरां होते हुए शुक्रवार को 1.45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।




वहीं शुक्रवार को दानापुर स्टेशन से 4.20 बजे वापिसी के लिए रवाना होकर नौ बजे वाराणसी, 2.40 बजे लखनऊ, 6.16 बजे बरेली, 11.35 बजे दिल्ली, 14.35 बजे रेवाड़ी से चलकर दोपहर 15.29 बजे महेंदगढ़ स्टेशन पर पहुंचेगी। इसके बाद 4.15 बजे लौहारु, 5.50 बजे सादलपुर व शनिवार को रात 23.40 बजे बीकानेर स्टेशन पर पहुंचेगी। दैनिक रेलयात्री महासंघ, सामाजिक संगठनों, व्यपारियों व विद्यार्थियों ने स्पेशल नई ट्रेन का महेंद्रगढ़ स्टेशन पर ठहराव देने पर रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। वीरवार को महेंद्रगढ़ स्टेशन से 93 सवारी ने ट्रेन का लाभ उठाया है।

## स्कूलों के बच्चों के बीच पहुंचे एसडीएम, पढ़ाई के बारे में पूछा

# एसडीएम ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल।

एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह ने वीरवार को गांव डेरोली अहीर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ बैठकर मिड-डे-मिल भोजन लिया। एसडीम मतदान केंद्र के निरीक्षण के लिए डेरोली अहीर के स्कूल में पहुंचे थे। मतदान केंद्र में उन्होंने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाताओं को सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदाताओं के लिए छाया की व्यवस्था होना जरूरी है।





नारनौल। बच्चों के साथ मिड-डे-मिल लेते एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह व मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### फर्श पर बैठ बच्चों के साथ खाया मिड-डे- मील

मतदान केंद्र के निरीक्षण के बाद उन्होंने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डेरोली अहीर में बच्चों के साथ बातचीत की। उन्होंने इस दौरान बच्चों को स्कूल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद एसडीएम ने बच्चों के साथ बैठकर मंत्र उच्चारण के बाद मिड-डे-मिल लिया। सभी बच्चों ने खुलकर एसडीएम के साथ बातचीत की। अधिकारी को इस तरह से अपने बीच पाकर सभी बच्चे उत्साहित नजर आए। इस मौके स्टॉफ सदस्य हनुमान सिंह, भगवत सिंह, सुमन, रोहिताश सिंह, संदीप कुमार के अलावा बीएलओ राकेश कुमार, राजकुमार, संतोष देवी इत्यादि सहित स्कूल स्टाफ व एसएमसी सदस्य मौजूद रहे।



स्पेशल : वर्ल्ड लाफ्टर डे, 5 मई

मुंह लटकाए बैठे लोग किसी को पसंद नहीं आते, बोरिंग लगते हैं। वहीं हमेशा हंसने वाले खुशमिजाज लोग सबको खूब भाते हैं। हंसना स्वास्थ्य के लिए भी बहुत जरूरी है। हंसने के क्या-क्या फायदे हैं, हम कैसे हंसते रहें, जानो।

# हंसो क्योंकि हंसना जरूरी है!

ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मुनमुन को गुमसुम, उदास देखकर मोनू ने पूछा, 'अच्छा सुनो मुनमुन, तीन दोस्त 'चुप', 'गुमसुम' और 'हाहाहा' पार्क में खेल रहे थे। थोड़ी देर बाद चुप और गुमसुम अपने-अपने घर चले गए। बताओ, पार्क में कौन बचा?'

'नहीं बताना!' मुनमुन दूसरी ओर मुंह फेरकर बोली।

मोनू ने कई बार अपना सवाल दोहराया। आखिर मुनमुन को जवाब देना ही पड़ा, 'हाहाहा..।'

मोनू ने फिर पूछा, 'कौन बचा?'

मुनमुन ने दोहराया, 'हहाहा।'

जब मुनमुन को मोनू की चालाकी समझ में आई, तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी। मुनमुन को हंसता देखकर मोनू हंसते हुए बोला, 'यह हुई न बात!'

दरअसल, उदास बैठी मुनमुन को हंसाने के लिए ही मोनू ने इस तरह सवाल किया था।

## लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन

बच्चों, हंसी का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। हंसने-हंसाने वाले खुशमिजाज लोग हर किसी को पसंद आते हैं। वहीं चिड़चिड़े और बात-बात पर गुस्सा करने वाले तुनकमिजाज लोगों को कोई पसंद नहीं करता। 'लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन' यह कहावत तो बच्चों तुमने जरूर सुनी होगी। हंसना हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। बच्चों, हंसी के एक नहीं बहुत से फायदे हैं, तुम्हें भी मालूम होना चाहिए।

## बढ़ता है ऑक्सीजन लेवल

जब हम खुलकर हंसते हैं तो हमारे शरीर के कई सारे अंग एक साथ सक्रिय हो उठते हैं। हंसने से हमारा ब्लड सर्कुलेशन रेग्युलेट होता है, साथ ही इससे हमारे शरीर का ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है। इसका असर हमारी स्किन पर भी पड़ता है। अकसर देखा गया है, जो लोग हंसते-मुस्कुराते रहते हैं, उनकी स्किन भी दमकती रहती है। ऐसे लोगों के चेहरे पर एक अलग ही आभा दिखती है।



## रिलीज होता है 'हैप्पी हार्मोन'

जब हम खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते हैं, तो हमारे शरीर में डोपामाइन, एंडोर्फिन, सिरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोंस रिलीज होते हैं। इन्हें 'हैप्पी हार्मोंस' या 'फील गुड हार्मोंस' भी कहते हैं। ये हार्मोंस हमारे गुस्से को कम करते हैं, तनाव यानी टेंशन कम करते हैं, हमारा मूड अच्छा रखते हैं, साथ ही हमें पॉजिटिव एंड हैप्पी रखते हैं।

## बढ़ती है इम्यूनिटी

जब हम खुलकर हंसते हैं, तो हमारे शरीर के कई हिस्सों, जैसे- मस्तिष्क, हृदय, हड्डियों और मांसपेशियों में नए सेल्स बनते हैं। इससे हमें फिट एंड एक्टिव रहने में मदद मिलती है। साथ ही इससे हमारी इम्यूनिटी भी स्ट्रॉन्ग होती है, जिससे बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

## और भी हैं कई फायदे

बच्चों, हंसने के और भी कई फायदे हैं। अगर तुम हमेशा खुश और हंसते-मुस्कुराते रहोगे, तो सभी तुम्हें पसंद करेंगे। हर कोई तुमसे मिलना, बातें करना और तुम्हारे साथ समय बिताना चाहेगा। खुश रहने से पढ़ाई में तुम्हारा कंसंट्रेशन बढ़ेगा, इस कारण तुम अपने लेसन को जल्दी और आसानी से समझ पाओगे। इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। हंसने-मुस्कुराने और खुश रहने की आदत आगे चलकर तुम्हारे करियर ग्रोथ में भी हेल्पफुल होगी।

बच्चों, जब हंसने-मुस्कुराने के इतने सारे फायदे हैं, तो भला कौन हंसना नहीं चाहेगा, इसलिए खुद खुलकर हंसो और दूसरों को भी हंसाओ। *

### हंसने और खुश रहने के लिए ये करो




**देखा जाए** तो खुश रहने के लिए किसी खास वजह की जरूरत नहीं होती। जो लोग स्वभाव से जिंदादिल और खुशमिजाज होते हैं, वे हर हाल में खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते रहते हैं। बच्चों, तुम भी हंसी और खुशमिजाजी को अपने स्वभाव का हिस्सा बनाओ। वैसे, हंसने के कई माध्यम और तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर तुम खुलकर हंस सकते हो।

- मजेदार जोक्स पढ़ो। इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करो। उनसे भी बोलो कि वे तुम्हारे साथ हंसाने वाले जोक्स शेयर करें।
- अच्छे लाफ्टर शोज देखो। अच्छी कॉमेडी फिल्में देखो। हंसाने- गुदगुदाने वाले कार्टून शोज देखो।
- मन ही मन वैसी बातें या कोई इंसिडेंट याद करो, जिससे तुम्हें हंसी आए। इससे तुम्हारे चेहरे पर अपने-आप ही मुस्कुराहट आ जाएगी।
- तुमने पार्क में एक-साथ कई सारे लोगों को जोर-जोर से ठहाके लगाते हुए जरूर देखा होगा! ऐसे ही तुम भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपना 'किड्स लाफ्टर क्लब' बनाकर एकसाथ ठहाके लगा सकते हो।

रोचक जानकारी / शिवानी छाया

# गम.. च्युइंगगम.. बबलगम



बच्चों, तुमने च्युइंगगम या बबलगम जरूर खाया होगा। च्युइंगगम और बबलगम, है तो एक ही चीज, लेकिन दोनों में एक अंतर है। बबलगम चबाते हुए हम इसे गुब्बारे की तरह मुंह से फुला सकते हैं लेकिन च्युइंगगम को हम सिर्फ चबा सकते हैं, गुब्बारे की तरह फुला नहीं सकते। बच्चों, तुम सोचते होगे च्युइंगगम और बबलगम की शुरुआत कैसे हुई, हम तुम्हें बताते हैं।

**पहले लोग गम चबाते थे:** बच्चों, च्युइंगगम या बबलगम हमेशा से ऐसा नहीं था। शुरुआती दौर में यूनान और तुर्की के लोग खाना खाने के बाद गम (गोंद जैसा चिपचिपा पदार्थ) चबाते थे। यह गम वहां उगने वाले मैस्टिक नामक पेड़ से निकाला जाता था। इसी तरह अमेरिका में भी लोग स्पॉडिला नामक पेड़ से गम निकालकर चबाते थे। चूंकि इस गम को लोग चबाते थे, इसलिए इसे 'चबाया जाने वाला गम' यानी 'च्युइंग-गम' भी कहा जाता था। आज भी इसे च्युइंगगम कहते हैं।

**मार्केट में कैसे आया च्युइंगगम:** च्युइंगगम के प्रति लोगों की दीवानगी देखते हुए सन 1848 में अमेरिका के जॉन बी. कर्टिस ने इसे टेस्टी और आकर्षक बनाने के लिए गम में मोम मिलाकर उबाला, फिर इसे ठंडा करके अलग-अलग शेप्स में काटकर, कलरफुल कागज में पैक किया। पैकिंग के हिसाब से उसने च्युइंगगम को 'शुगर क्रीम', 'व्हाइट माउंटेन' जैसे नामों से बेचना शुरू किया। कर्टिस का यह आइडिया काफी सफल रहा।

**टेस्ट और फ्लेवर वाला च्युइंगगम:** अब तक बनाए और बेचे जा रहे च्युइंगगम में कोई टेस्ट नहीं होता था। सन 1871 से 1880 के बीच थॉमस एडम्स ने अलग-अलग टेस्ट और फ्लेवर वाले 'ब्लैक जैक' नामक च्युइंगगम लांच किए। इस च्युइंगगम को लोगों ने खूब पसंद किया।

**फुलाया जाने वाला बबलगम:** 1906 में फ्रैंक एच. फ्लेयर ने एक ऐसा प्रोडक्ट बनाया, जिसे च्युइंगगम की तरह चबाने के साथ-साथ बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। फ्लेयर ने इसे 'फ्लीसर बबलगम' और 'ब्लिबर ब्लबर' के नाम से बाजार में उतारा। इसमें सबसे बड़ी कमी यह थी कि कुछ देर चबाने के बाद यह बहुत ज्यादा चिपचिपा हो जाता था। इसलिए यह लोगों को ज्यादा पसंद नहीं आया।

आगे चलकर 1928 में फ्लेयर की ही कंपनी में काम करने वाले वाल्टर ई. डायमर ने ऐसा बबलगम बनाया, जो पहले की तुलना में कम चिपचिपा था। इसे देर तक चबाया जा सकता था, साथ ही बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। कंपनी ने इसे 'डबल बबल' नाम से बाजार में उतारा। इसे लोगों ने खूब पसंद किया। इसके बाद इसकी क्वालिटी में निरंतर चेंज किए जाते रहे। अब तो अलग-अलग कलर, शेप, टेस्ट, फ्लेवर के च्युइंगगम और बबलगम मार्केट में मिलते हैं। *

कविता / शिवचरण चौहान

# मेंढक को जुकाम



कहा मेंढकी से मेंढक ने
मुझको हुआ जुकाम।
चाय पिला दो अदरक वाली
जिससे हो आराम।।
मौसम बदल रहा है इससे
आया मुझे बुखार।
सहला दो तुम माथा मेरा
कर दो थोड़ा प्यार।।
बोली तुरंत मेंढकी अब
तुम चलो डॉक्टर पास।
तुमको तेज बुखार हुआ है
रहे जोर से खांस।।
चार गोलियां काली, पीली
और लगा इंजेक्शन।
कहा डॉक्टर ने मेंढक से
तुमको है इंफेक्शन।।
नदियों, नालों, तालाबों में
खूब लगाते गोते।
होता तभी जुकाम जोर का
पड़े-पड़े तुम रोते।।
बता रहा परहेज एक मैं
है जुकाम का तोड़।
अब से तुम पानी में जाना
बिल्कुल ही दो छोड़।।

## जीके क्विज- 102



1.भारत के नए नौसेना प्रमुख कौन बने हैं?
2.भारत के किस एयर पोर्ट को दुनिया के टॉप-टेन बिजी एयर पोर्ट्स में शामिल किया गया है?
3.पिछले दिनों माउंट रुआंग ज्वालामुखी में भयंकर विस्फोट हुआ था। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
4.सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5.रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6.स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7.जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?
8. व्हाइट गोल्ड किसे कहा जाता है?
9. माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?
10.'इंडिका' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?

**बच्चों, जीके क्विज-102 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-101 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.डी. गुकेश, 3.1 मई, 4.हॉकिंस, 5.महात्मा गांधी, 6.एम. एस. स्वामिनाथन, 7.रोएंटजन, 8.सच्चिदानंद सिन्हा, 9. स्वामी दयानंद सरस्वती, 10.हमिंग बर्ड

**जीके क्विज-101 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, नेहा-ईमेल से, गोपाल-ईमेल से, शिवकुमार मधुकर-बिलासपुर, सरबजीत-करनाल, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, ईशान-अहमदाबाद, दीप्ती-कोरबा, हर्ष-भोपाल, रवि-जबलपुर

## हंसगुल्ले

**टीचर:** तुमने होमवर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, जब मैं होम वर्क करने बैठा तो लाइट चली गई।
**टीचर:** तो लाइट आने के बाद तुमने होम वर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, मुझे लगा कि मेरी वजह से कहीं फिर से लाइट न चली जाए।
**-अभिजीत, दुर्ग**

**तन्मय :** क्या तुम चीनी भाषा पढ़ सकते हो?
**तेजस:** हां, अगर वो हिंदी या अंग्रेजी में लिखी हो तो पढ़ लूंगा।
**-सोनिया, जींद**

**नव्या:** विदेश में पंद्रह साल के बच्चे अपने पैरों पे खड़े हो जाते हैं।
**नैंसी:** हमारे देश में तो दो-तीन साल का बच्चा खड़ा होने के साथ-साथ दौड़ने भी लगता है।
**-मोहन, भोपाल**



हास्य कथा
समीर गांगुली

वह दही-फल बेचने वाला अपने आप में अजूबा था। उसकी बातें, उसके दही-फल जैसी चटपटी थीं। बच्चे उसकी बातें सुनकर 'हो-हो' करके हंसते। एक दिन बड़ी अजब-सी बात हुई। एक पुलिस वाले ने भी उसके दही-फल का स्वाद चखा। इसके बाद लोगों ने जो देखा-सुना, सब दंग रह गए!

# दहीवाला.. पुलिसवाला..



भरी-दोपहरी में कॉलोनी में एक आवाज गूंजी, 'दहीवाला...ले लो दही-फल...फल-दही...आ गया दहीवाला!' साथ ही साथ कॉलोनी के दो मंजिले घरों की पहली मंजिल और दूसरी मंजिल के दरवाजे-खिड़कियां खुल गईं। उनसे कई बच्चों के चेहरे बाहर झांकने लगे।

दहीवाला। साईकिल पर बड़ी-सी परात में रखे दो हंडे। मिट्टी के इन हंडों का मुंह लाल कपड़े से बंधा। एक हंडे में दही और दूसरे में केला, अनानास, अंगूर, आम, अमरूद, लीची रखा होता। साथ में चीनी,नमक, मिर्च और अमचूर के डिब्बे। लंबा दुबला दहीवाला। वह रंग-बिरंगा, बड़ी-बड़ी दो जेबों वाला कुर्ता पहनता, उसके नीचे सफेद धोती और सबसे नीचे रबर के काले जूते पहनता, जो चलने पर पक्क-पक्क की आवाज करते थे।

दहीवाले के माथे पर एक बड़ा-सा गूमढ़ था, जिसे दिखाकर वह बच्चों से कहता, 'देखना, यहां से एक दिन लंबा-सा सींग निकलेगा।'

छोटकी मालती भी बालकनी पर आ जाती और दहीवाले के साथ सबकी बातें सुनती। उसकी मां कहती, 'ये दहीवाला बहुत झूठ बोलता है।' पापा कहते, 'दहीवाला बहुत मजाकिया है।'

दहीवाले से जब नाम पूछो, तो वो हर बार नया नाम बताता। इतने निराले नाम बताता कि बच्चे हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाते। कभी बिच्छू पांडे, कभी गाय प्रसाद, कभी भिंडी भाई, कभी कंकरी कालू करताली नाम बताता। लेकिन उसकी फल-दही या दही-फल का कोई जवाब नहीं था। बच्चे उसकी आवाज सुनकर दौड़कर आ जाते और पूछते, 'दहीवाले, दहीवाले इस हंडे में क्या है.. और उस हंडे में क्या है?'

दहीवाला अपनी आंखों को चार-बार गोल-गोल घुमाता और बोलता, 'इसमें है काली, मटियाली गाय का सफेद ताजा दही और इस हंडे में हरे पेड़ हनुमान प्रसाद के मीठे अमरूद। नीले पेड़ चुन्नी लाल के नीले-काले शहतूत।'

बच्चे 'हो-हो' हंस देते। फिर दहीवाला अपने थैले से पत्ते के दोने निकालता। उन्हें एक थाली पर सजाता। इसके बाद एक हंडा खोलता, उसमें से कोई ताजा फल निकालता। जेब से चाकू निकालता, उन्हें काटता, दोने में लगाता फिर दूसरा हंडा खोलता, उसमें से लकड़ी के चम्मच से दही निकालकर दोने में लेता। ऊपर से नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाता। उसके बाद एक छोटे चम्मच से अपना 'अंतर-मंतर गड़बड़ मंतर' पढ़ते हुए सबको मिलाता। फिर 'हो-हो' करके हंसता और सारे बच्चों को एक-एक दोना पकड़ा देता। उसे खाकर बच्चे एक साथ मिलकर दोहराते, 'आ गई मस्ती, भाग गई सुस्ती।'

दहीवाला खुश हो जाता। तब बच्चे पैसे निकालते, दहीवाले को पकड़ाते और उसे 'कल फिर आना' कहकर अपने घरों में लौट आते।

एक दिन भरी दोपहर में। इधर दहीवाले ने आवाज लगाई। उधर एक फटफटिया फट-फट करती कॉलोनी में आई। दहीवाले के पास आकर फटफटिया वाले ने अपना हेलमेट उतारा। अंदर से एक बड़ी-बड़ी घुंघरैली मूंछों वाला पुलिसवाला निकला। दरवाजे और खिड़कियों से झांकते बच्चों की सांसें थम गईं। पुलिसवाला फटफटिया से उतरा, एक बैग से बड़ा-सा कटोरा निकाला और उसे दहीवाले को पकड़ाया।

दहीवाले ने हंडे से केला निकाला, उसे छोटा-छोटा काट कर कटोरे में भरा, फिर एक आम निकाला उसे भी काट-काट कर कटोरे में डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने फिर ऊपर से अंगूर डाले।

पुलिसवाला बोला, 'थोड़ा और।'

दहीवाले ने हंडे से अनानास भी निकाला और उसे उस बड़े कटोरे में डाला। फिर दूसरा हंडा खोला और उससे छह चम्मच दही डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने चार चम्मच और डाला, फिर उसमें नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाया। अपना मंतर गुनगुनाया और पुलिस वाले को पकड़ाया। पुलिस वाले ने भी भुक्कड़ की तरह गड़प-गड़प खाया। फिर उसने पूछा, 'कितने पैसे?'

दहीवाला बोला, 'वैसे तो हुए सौ रुपए, मगर आप जो मन हो दे दो...।'

पुलिसवाले ने बटुआ निकाला, उसमें से सौ-सौ के दो नोट निकाले, दहीवाले को देते हुए बोला,'ये लो दो सौ रुपए।' इसके बाद पुलिस वाले ने अपना हेलमेट पहना, अपना कटोरा वापस लिया और चलने लगा। एकाएक उसे कुछ ख्याल आया, वह रुका। अपना बैग खोला। उसमें से एक नया गमछा निकाला और दहीवाले को पकड़ा दिया। बोला, 'रखो इसे। बहुत गर्मी है, पसीना पोंछते रहना।'

दहीवाला पुलिस वाले से गमछा लेते हुए हाथ जोड़कर बोला, 'कल फिर आना, दरोगा भैय्या।'

पुलिसवाला फटफटिया चलाते हुए चला गया। बच्चों ने इसे देखा, उनके माता-पिता ने भी देखा। सब दंग थे, पुलिस वाले का व्यवहार देखकर, इतना अच्छा पुलिस वाला..! सब मन ही मन सोच रहे थे, सब दहीवाले का कमाल है! *

## रंग भरो-149

रंग भरो-149 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




तनिष्क, रायपुर


सौम्या, बालोद


समृद्धि, शहडोल


सुयश, बिलासपुर


सत्यम, रायपुर


विशु, रोहतक

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

भारती-भिवानी, भूमिका-बालोदा बाजार, पलक-अटेली मंडी, प्रभास-बिलासपुर, सौम्या-दुर्ग, पलक-धमतरी, विशाखा-रायपुर, आकांक्षा-दुर्ग, पाखी-बालोद, प्रत्यूष-अंबिकापुर, मोनिका-बिलासपुर, शिवा-हिसार, कल्पना-भोपाल, आदित्य-दिल्ली


## रंग भरो 150




बच्चों, दिए गए चित्र में राजू और पिंकी खूब खिलखिलाकर हंस रहे हैं। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्ष को अपने लाफ्टर क्लब के दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता वह भूल गया है। सही रास्ता खोजकर हर्ष को उसके दोस्तों तक पहुंचने में जरा मदद तो करो।



## खबर संक्षेप

### ट्रॉले की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**बावल।** खेड़ा बैरियर के पास एक ट्रॉले की टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार-कार चालक बाल-बाल बच गया। राजस्थान के बहरोड़ निवासी राकेश कुमार गुरूग्राम के बिलासपुर से कार लेकर घर जा रहा था। खेड़ा बैरियर के पास एक ट्रॉले ने कार को टक्कर मार दी, जिससे असंतुलित कार डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस ने ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने खिजूरी में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांव में चल रहे कार्य को रुकवाने और धमकी देने के आरोप में गत वर्ष 5 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने गांव निवासी अतरसिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक ट्रैक्टर भी बरामद किया गया है।

### दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**बावल।** नगर पालिका के पास चोर एक दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। प्राणपुरा निवासी मनोज कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी बाइक नगर पालिका के पास एक दुकान के सामने खड़ी की थी। वह बाइक खड़ी करने के बाद दुकान में चला गया। बाहर आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक नहीं मिली।

### मारपीट मामले में तीन किन्नर गिरफ्तार

**बावल।** गत 24 जनवरी को किन्नरों के दो गुटों में हुए झगड़े में पुलिस ने तीन किन्नरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रामनिवास के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली निवासी शिवानी, राजस्थान के नीमराना निवासी काव्या व रूबी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट के आरोप में दंपति पर केस दर्ज

**खंडोड़ा।** गांव में बाप-बेटे के साथ मारपीट करने के आरो में बावल थाना पुलिस ने दंपति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में रामेश्वर ने बताया कि वह अपने बेटे रविंद्र के साथ कुएं पर गया था। वहां पाइप लाइन दबाने का कार्य चल रहा था। पड़ोसी राज बब्बर और उसकी पत्नी ने उनकी पाइन कटने के कारण उन दोनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मोबाइल फोन चोरी में दो नाबालिग काबू

**कोसली।** नहर पर नहाते समय एक युवक के दो मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो नाबालिग काबू कर लिए। उनके कब्जे से दोनों फोन बरामद हो गए। पुलिस के अनुसार 22 अप्रैल को एक युवक के दो मोबाइल फोन भाकली के पास नहर में नहाते समय चोरी हो गए। जांच में चोरी के दोनों आरोपी नाबालिग पाए गए। उनसे फोन बरामद होने के बाद दोनों को बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दंपति के साथ मारपीट में तीन नामजद

**जाटूसाना।** बेरली खुर्द में दंपति के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में मांढैया खुर्द निवासी ग्यारसी देवी ने बताया कि वह अपने प्रति वेदप्रकाश के साथ दवा लेने के लिए बेरली खुर्द गई थी। प्रवीण ने अपने परिजनों के साथ उसके और उसके पति के साथ मारपीट की पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी।

### पिस्तौल के बट से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने 10 मार्च को लिसाना बस स्टैंड पर दो युवकों के साथ मारपीट करने और पिस्तौल के बट से हमला करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसके दूसरे साथियों की तलाश कर रही है।

## पीड़ित किसानों ने पुलिस थाने में दी शिकायत, केस दर्ज

# खेतों से 353 फव्वारे-नोजल चोरी, किसानों की उड़ी नींद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

क्षेत्र में खेतों से नोजल चोरी करने वाले गिरोह अब फिर से सक्रिय हो गया हैं। चोर गांव झगड़ोली की नहर के पास छह किसानों की नोजल चोरी करने के बाद गांव पाली में भी चोर रात्रि को 18 किसानों की नोजल चोरी करके ले गए हैं। खेतों में बढ़ती चोरी की घटना से किसान चिंतित बने हुए हैं। क्योंकि एक फव्वारा नोजल 400 रुपये की कीमत से आता है। चोर लगभग 18 किसानों के 350 से अधिक नोजल को चुरा कर ले गए। रात्रि को अज्ञात चोर 18 किसानों की 353 नोजल फव्वारा चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित किसानों ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर नोजल बरामद करने तथा चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की हैं। पुलिस ने पीड़ित किसानों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं तथा चोरों की तलाश में जुटी हुई है। गांव मांडोला निवासी किसान अनूप ने सदर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उन्होंने पाली गांव में जमीन मोल ले रखी है। रात्रि 10 बजे के बाद चोर उसके खेत से 25 नोजल चोरी कर ले गए हैं। इसके अलावा उसके साथ लगते खेत से चोर राजकुमार की 17 नोजल, धर्मपाल 12 नोजल, किशनलाल की 16 नोजल, संतलाल की 11 नोजल, संजय की 20 नोजल, कृष्ण की 30 नोजल, सुनील की 20 नोजल, सूबेसिंह की 20 नोजल, बीरसिंह की 22 नोजल, नरेश की 25 नोजल, तुलसीराम की 20 नोजल, मदनलाल पालड़ी की 25 नोजल, पवन की 25 नोजल, लालसिंह की 15 नोजल, शिवकुमार की 15 नोजल, कमल सिंह 15 नोजल, सुरेश की 10 नोजल, सूबेसिंह की 10 नोजल चोर चोरी करके ले गए हैं। किसान अनूप ने बताया कि उन्होंने नोजल चोरी होने के बारे में आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों से पूछताछ क। किसान ने बताया कि नोजल चोरी होने से उन्हें हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों ने पुलिस से मांग की है कि चोरों को पकड़कर उनकी नोजल बरामद की जाए।




महेंद्रगढ़। सदर थाना भवन। फोटो : हरिभूमि

### 6 किसान की 99 नोजल व 500 फुट केबल चोरी

महेंद्रगढ़। गांव झगड़ोली की नहर के पास स्थित खेतों से अज्ञात चोर गांव बुचौली के छह किसानों की 99 फव्वारा नोजल और 500 फुट केबल चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित किसानों ने पुलिस थाने में शिकायत देकर सामान बरामद करने तथा चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित किसान की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गांव बुचौली निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसका ट्यूबवैल झगड़ोली की नहर के पास स्थित है। एक मई की रात को उसके खेत से 35 नोजल, फव्वारे व लगभग 200 फुट केबल ट्यूबवेल से चोरी हो गई। उसी रात गांव बुचौली के किसान विनोद कुमार के ट्यूबवेल से 15 नोजल व लगभग 100 फुट केबल, सुनील कुमार के खेत से 20 नोजल, सत्यवीर सिंह के खेत से 12 नोजल, शेरसिंह के ट्यूबवेल से लगभग 200 फुट केबल और सतीश के खेत से 17 फव्वारे की नोजल चोरी हो गई। जितेंद्र ने पुलिस से सामान बरामद करने तथा चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली के पोल तोड़कर 1200 मीटर तार चोरी

नारनौल। अज्ञात व्यक्ति बिजली निगम के पोल तोड़कर उन पर लगे तार चोरी कर ले गया। पुलिस ने बिजली निगम नांगल चौधरी के एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बिजली निगम नांगल चौधरी के एसडीओ ने बताया कि 11 केवी आसरावास एपी व 11 केवी मोरूंड एपी लाइन के तीन पोल तोड़कर अज्ञात व्यक्ति 1200 मीटर तार चोरी कर ले गया। जिसकी सूचना रामसिंह ने दी। जिस पर जेई संजीव व क्षेत्र के लाइनमैन से साइड का निरीक्षण किया। जहां पर देखा कि अज्ञात चोर बिजली के तीन पोल तोड़कर तार चोरी कर ले गए।

# रावमावि मूसनौता के विद्यार्थी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। खुशी मनाते मूसनौता स्कूल के विद्यार्थी व स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मूसनौता का सत्र 2023-24 का 12वीं कक्षा का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम पूरे क्षेत्र में अव्वल रहा। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए। प्रथम स्थान पर करिश्मा पुत्री मूलचंद ने 500 में से 457 अंक, द्वितीय स्थान पर सुनीता पुत्री ग्यारसी लाल ने 455 अंक तथा तृतीय स्थान पर सन्नू कुमारी पुत्री खेमचंद ने 453 अंक प्राप्त किए हैं। कुल 48 विद्यार्थियों में से 18 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल करके मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया है। 30 बच्चों ने 60 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल करके प्रथम श्रेणी में अपना परचम लहराया। प्राचार्य अजय कुमार ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा स्टाफ सदस्यों को बधाई दी व इसका श्रेय सामूहिक प्रयाससों को दिया। प्राचार्य ने इस मौके पर सभी मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय बुलाकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। भूगोल प्रवक्ता श्रीमती सोनिया ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें कठिन परिश्रम करने और मुश्किलों का सामना हिम्मत से करने के लिए प्रेरित किया।

# राजकीय विद्यालय सतनाली के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन

- 10 मेरिट व 42 ने प्रथम श्रेणी में पास की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी



सतनाली मंडी। बेहतर प्रदर्शन पर विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्टॉफ सदस्य।

एलएनबी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सतनाली के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में छात्रों ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। जानकारी के अनुसार स्कूल के 10 छात्रों ने मेरिट में स्थान बनाया व 42 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है। स्कूल प्राचार्य ए स्टॉफ सदस्यों ने सफल विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# यूरो स्कूल में नृत्य और निबंध लिखो प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

यूरो स्कूल में वीरवार को नृत्य और निबंध लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिता अंतर सदनीय स्तर पर आयोजित की गई। इस प्रतियागिता में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। नृत्य प्रतियोगिता के बच्चों ने अपनी नृत्य कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपनी सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य सुनील यादव ने विजेताओं को बधाई दी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज इन विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां देकर यह सिद्ध कर दिया कि हम किसी भी क्षेत्र में पीछे नही, बल्कि हम सबसे आगे वाली पंक्ति में खड़े हैं।

साथ ही उन्होंने बताया कि हमें समय के अनुरूप अपने आप को अपडेट करते रहना चाहिए। हमें समाज में समय के अनुरूप ही आगे बढ़ते रहना चाहिए। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर संजू यादव, सुमन यादव, तनु गुप्ता, बिरेंद्र सिंह व गतिविधि प्रभारी रीतू तंवर इत्यादि सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# विद्या देवी स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

- मुस्कान ने 96 .80 प्रतिशत अंक किए प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। विद्या देवी स्कूल के विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

विद्या देवी इंटर नेशनल स्कूल अटेली का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव व निदेशक विक्रांत यादव ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया पिछले दो वर्ष से ब्लॉक स्तर पर विद्यालय प्रथम स्थान पर आ रहा है। इस बार जिले में दूसरे स्थान पर रहकर कीर्तिमान स्थापित किए हैं। स्कूल की छात्रा मुस्कान पुत्री ओमसिंह ने 96.80 फीसदी अंक हासिल कर शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया व जिले में दूसरा स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या पांच रही व 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 15, 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 35 विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि 36 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की है। विद्यालय के कुल 41 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया था। स्कूल निदेशक विक्रांत यादव ने बताया कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व अध्यापकों का उचित निर्देशन किसी भी विद्यार्थी को उसके मुकाम पर पहुंचा सकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# बौचड़िया स्कूल: मेरिट में 30 विद्यार्थी

- मेरिट में 30 छात्र, भूनेश ने प्राप्त किए 476 अंक

हरिभूमि न्यूज मंडी अटेली



मंडी अटेली। बौचड़िया के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौचड़िया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रवक्ता अशोक कुमार ने बताया कि उनके विद्यालय में 12वीं कक्षा में कुल 60 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 30 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने के साथ 30 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के कला संकाय के छात्र भुनेश ने सबसे अधिक 476 अंक अर्थात 95.2 प्रतिशत अंक अर्जित करके पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान पाया। दूसरे स्थान पर हर्षिता 447 अंक अर्जित करके दूसरा स्थान पाया। रितिका 445 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। विज्ञान संकाय में हसीना 445 अंक प्राप्त करके प्रथम रही। वाणिज्य संकाय के छात्र योगेश ने 419 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ग्राम बौचड़िया के सरपंच शेर सिंह और हसनपुर सरपंच बलराम व दोनों गांव की पंचायत ने मेरिट में आए सभी छात्रों को 500 रुपये देकर सम्मानित किया। एसएमसी सदस्य सुनील कुमार ने भी प्रथम को 1000 द्वितीय को 500 और तीसरे स्थान पर रहे विद्यार्थी को 250 रुपये देकर सम्मानित किया। मंच संचालन धर्मेंद्र ने किया। इस सम्मान समारोह में एसएमसी प्रधान होशियार सिंह, राजेंद्र सिंह, सुमेर पंच, राधेश्याम पंच, राकेश पंच, प्राचार्य मुरारीलाल व समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# ओलंपियाड में छाया श्रीकृष्णा स्कूल

- स्कूल के सात छात्रों ने दिए सवालों के सही जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव।

श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा के यंग स्कॉलर फाउंडेशन ओलंपियाड परीक्षा में सात विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल एवं जिले का नाम रोशन किया।

कॉर्डिनेटर स्मृति शर्मा ने बताया कि यंग स्कॉलर फाउंडेशन ओलंपियाड की परीक्षा बीते 18 फरवरी को नारनौल में आयोजित की गई थी, जिसमें जिले से विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ओलंपियाड परीक्षा में विद्यार्थियों ने 60 मिनट में 60 प्रश्न पूछे गए। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी से आयुष व सोनू, कक्षा पांचवीं से जयप्रीत, दूसरी कक्षा से हिमांशी, तीसरी कक्षा से हिमानी व आठवीं कक्षा से मयंक व प्रथम कक्षा से वंशिका ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि ओलंपियाड परीक्षा विद्यार्थियों को सर्वोत्तम मंच प्रदान करती है। इस परीक्षा से विद्यार्थियों में मजबूत सकारात्मक दृष्टिकोण का निर्माण करना और गणित, विज्ञान, कंप्यूटर, सामान्य ज्ञान व अंग्रेजी के प्रति उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। विद्यार्थियों की योग्यातओं एवं क्षमता को पहचाने के लिए इस तरह की परीक्षा जरूरी है। प्राचार्य अजीत सिंह ने कहा कि ओलंपियाड परीक्षा को समूह होता है जो विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आयोजित की जाती है। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मेडल, घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**कार्यक्रम** गांव नांगलकाठा में यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईएएस में चयनित जतिन का सम्मान

# कठिन परिश्रम व लग्न सफलता के मूल मंत्र: जतिन

हरिभूमि न्यूज नारनौल



नारनौल। गांव नांगलकाठा में जितिन कुमार को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा में 364वीं रैंक प्राप्त करके आईएएस के रूप में चयनित जितिन कुमार को सम्मानित करने के लिए गांव नांगलकाठा में कार्यक्रम का आयोजन जेबीटी अध्यापक सतपाल की ओर से किया गया। बता दें कि सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले जितिन कुमार मूल रूप से जिला अलवर के बहरोड के रहने वाले है। जितिन ने विद्यालय व कॉलेज स्तर की सारी शिक्षा अलवर से प्राप्त करके सिविल सर्विस परीक्षा पास की है। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय बास किरारोद की मुख्य अध्यापिका विनीता कुमारी ने अपने पूरे स्टॉफ के साथ नवचयनित आईएएस को स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्ध ग्रामीणों, अध्यापकों व बच्चों को संबोधित करते हुए जतिन कुमार ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि कठिन परिश्रम एवं लग्न ही वह साधन है, जिनसे जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। आईएएस परीक्षा पास करने के लिए जरूरी नहीं कि आप किसी कोचिंग सेंटर से कोचिंग ले या घर छोड़कर पढ़ाई करें, बल्कि इस कार्य को हम घर पर रह कर ही पूरा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर मां-बाप को अपने बच्चे की क्षमताओं पर विश्वास रखते हुए उसे निरंतर प्रोत्साहन देते रहना चाहिए। जिससे बच्चे को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी हो, क्योंकि अनावश्यक दबाब व अपेक्षा बच्चे पर नकारात्मक प्रभाव डालते है। जतिन ने बच्चों की ओर से पूछे गए प्रश्नों का जबाब देते हुए अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता, रिश्तेदार व परिजनों को दिया। इस मौके पर अभय सिंह यादव, कृष्ण कुमार डीपीई, राजकुमार, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, मदनलाल, देवेंद कुमार, अतर सिंह दहिया आदि मौजूद थे।

**सूचना**

मैं, बीर सिंह पुत्र श्री छाजूराम निवासी बुचौली तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सोनू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मै नवीन कुमार पुत्र हवा सिंह वासी ग्राम सुरेहती जाखल तहसील महेंद्रगढ जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरी आर्मी सर्विस रिकार्ड में गलती से मेरी पत्नी का नाम कुमारी अनीता लिखा गया जबकि उसका सही नाम अनीता कुमारी है। आगे से उसे अनीता कुमारी के नाम से ही जाना जाए।


महेंद्रगढ़। रोगियों की जांच करती डॉ. सुचेता यादव। फोटो : हरिभूमि

## नि:शुल्क शिविर में 19 रोगियों की हुई जांच

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव की अध्यक्षता में वीरवार को नि:शुल्क किडनी, पथरी, मूत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि यह नि:शुल्क शिविर महीने में दो बार वीरवार को चार बजे लगाया जाता है। किडनी और यूरोलॉजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की किडनी, पथरी, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुचेता यादव ने रोगियों की जांच की व उनके सहयोगी जयप्रकाश, सुनील एवं दशरथ ने जांच से पहले रोगियों का बीपी, शुगर, ईसीजी, वजन इत्यादि की जांच की। इसके पश्चात डॉ. सुचेता यादव ने 19 रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। इस मौके पर यादव सभा पूर्व प्रधान डॉ. प्रेमराज आर्य, प्रो. बस्तीराम खैरवाल, उपाध्यक्ष संजय राव, सचिव रोहताश सिंह, सह सचिव रोहताश सिंह, जगदीश प्रसाद का सहयोग रहा।

*परीक्षा पास करने वाले 221 विद्यार्थियों में 114 छात्र व 107 छात्राएं शामिल।*

# मिशन बुनियाद: लेवल-3 की परीक्षा कल, ओरिएंटेशन कार्यक्रम व जिला समन्वयक समिति की बैठक में फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- 9वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र होंगे परीक्षा में शामिल


नारनौल। सुनील दत्त, जिला शिक्षा अधिकारी।

मिशन बुनियाद के तहत बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा, ओरिएंटेशन कार्यक्रम व जिला समन्वयक समिति की बैठक को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जिले में चार मई को इस कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय स्थित ऑडिटोरियम हॉल में किया जाएगा। हरियाणा सरकार व विकल्प फाउंडेशन की ओर से चलाया जा रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम की शुरूवात वर्ष 2022 में की गई थी। पूरे हरियाणा में शिक्षा विभाग की ओर से इस योजना के तहत नौवीं व 10वीं कक्षा के 5000 से अधिक विद्यार्थी कुल 206 कक्षा केंद्र पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

मिशन बुनियाद के अंतर्गत नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म की शुरूआत की गई है। इसका उद्देश्य बच्चों के बीच में एक स्वतंत्र, सकारात्मक और प्रतिस्पर्धी भावना बढ़ाना है। बुनियाद कार्यक्रम में बच्चों को नि:शुल्क वर्दी, पाठ्य पुस्तकें, टैबलेट व बुनियाद सेंटर तक आने जाने के लिए भत्ता दिया जाता है। जिले में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय नारनौल, महेंद्रगढ़, अटेली व कनीना को शिक्षा विभाग की ओर से बुनियाद केंद्र बनाया गया है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान सत्र 2024-26 के लिए नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के चयन हेतु खण्ड व जिला स्तर पर परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं व अंतिम चयन हेतु लेवल-3 की परीक्षा आयोजित की जानी है। मिशन बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जिले के 221 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। ये सभी विद्यार्थी इस समय नौवीं कक्षा में जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 29 फरवरी को आयोजित हुई बुनियाद लेवल-2 के परीक्षा परिणाम में जिले के 221 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इनमें से 114 छात्र व 107 छात्राएं शामिल है।

### सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाएं

इन विद्यार्थियों के साथ गत सत्र 2023-25 के विद्यार्थी जो इस समय 10वीं कक्षा में हैं व ऑनलाइन माध्यम से बुनियाद केंद्रों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन सभी विद्यार्थियों को अपने घर से केंद्र तक आने जाने का किराया, स्टेशनरी, टैब और यूनिफॉर्म सरकार की ओर से दी जा रही है। ये सभी विद्यार्थी बुनियाद कार्यक्रम के तहत पूर्व की भांति शिक्षा ग्रहण करते रहेंगे।

### ये रहेंगे मौजूद

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, जिला गणित विशेषज्ञ, बुनियाद केंद्रों के मुखिया व कोऑर्डिनेटर, विकल्प फाउंडेशन से कोऑर्डिनेटर मौजूद रहेंगे। सत्र 2024-26 के लिए बुनियाद लेवल-2 में चयनित नौवीं कक्षा के 221 विद्यार्थी व उनके अभिभावक तथा उनके विद्यालयों के मुखिया शामिल होंगे।

### बच्चों का भविष्य बनेगा उज्ज्वल

जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने बताया कि मिशन बुनियाद शिक्षा विभाग की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनेगा। मिशन बुनियाद कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने में मदद करता है। योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करके विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं देकर छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकते है।

### जिले में खरीदी गई 14.88 लाख क्विंटल सरसों

# सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद बंद, व्यापारी करेंगे खरीद

फिलहाल मंडी नहीं आ रहे किसान, व्यापारी लगा रहे महज 4600-5000 रुपये क्विंटल बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद गुरुवार से बंद कर दी गई है। जबकि करीब एक माह से ज्यादा समय तक चली खरीद से जिले में लगभग 14 लाख 88 हजार 190 क्विंटल सरसों की खरीद की गई है। अब सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद बंद होने के पश्चात मंडियों में व्यापारी खुली बोली के आधार पर सरसों की खरीद कर सकेंगे। मंडियों में फिलहाल सरसों 4600-5000 रुपये तक प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जा रही है, जबकि सरकार ने सरसों का सरकारी समर्थन मूल्य 5650 रुपये क्विंटल घोषित किया हुआ था। इस अवसर पर किसानों ने जमकर लाभ उठाया है और इस बार केवल नई ही नहीं, दो-तीन साल पुरानी सरसों भी किसानों ने निकाल दी। अक्सर एक अप्रैल से शुरू की जाने वाली रबी सीजन की खरीद अबकी बार सरकार ने 26 मार्च से ही शुरू कर दी थी। जिले की मंडियों में इस खरीद की शुरूआत हैफेड ने नैफेड के लिए की थी और 10 अप्रैल तक नैफेड का कोटा पूरा करने के लिए हैफेड ने केंद्रीय एजेंसी नैफेड के लिए सरसों की खरीद बंद कर दी थी। पहले जहां जिले की सभी छह मंडियां हैफेड को अलॉट थी, वहीं 11 अप्रैल से इन छह मंडियों में से चार स्टेट वेयर हाउस को अलॉट कर दी गई, जबकि नांगल चौधरी एवं अटेली मंडी हैफेड को ही अलॉट रही। हैफेड ने 10 अप्रैल के बाद से जितनी भी सरसों की खरीद की है, वह केंद्र की बजाए राज्य सरकार के लिए की है। हैफेड ने नैफेड के लिए 36441 मीट्रिक टन सरसों खरीदी, वहीं राज्य सरकार के लिए 46194 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की है।



नारनौल। खरीद बंद होने पर मंडी गेट पर छाया सन्नाटा व उठान नहीं होने से मंडी में रखे सरसों के बैग।

*उठान अभी बाकी: बेशक से एक मई गेट पास काटने का अंतिम दिन था, लेकिन मंडियां सरसों से भरी पड़ी हैं। अकेले नारनौल मंडी में ही करीब एक लाख बैग सरसों के खुले आसमान एवं टीनशेडों के नीचे पड़े हुए हैं। जिनका उठान होना बाकी है। एक दिन में 20-22 हजार क्विंटल सरसों का ही उठान हो पा रहा है। इन हालातों में यह मंडी खाली होने में चार-पांच दिन का समय और लगेगा।*

**बारदाना की कमी :** अनाज मंडियों में बारदाने की कमी से बड़ी भारी कठिनाई सामने आती रही है। अब भी हजारों क्विंटल सरसों खुले आसमान के नीचे पड़ी है। इस खुली सरसों को बैगों में भरने के लिए बारदाने की आवश्यकता है, लेकिन न तो बारदाना है और न ही गोदाम। स्टेट वेयर हाउस के पास सरसों रखने के लिए गोदाम भी कम पड़ गए हैं। इन हालातों प्राइवेट गोदाम देखे जा रहे हैं। यदि गोदाम मिल गए तो ही सरसों का उठान समय पर संभव हो पाएगा।

### कनीना मंडी में सरसों की खरीद बंद व गेहूं की 15 मई तक होगी

**कनीना।** नई आनाज मंडी चेलावास में सरसों की खरीद बंद हो गई है। स्टेट वेयर हाउस की ओर से बुधवार को अंतिम दिन खरीद की गई। मंडी में कुल 1.90 लाख क्विंटल सरसों की खरीद की गई। जिसमें से 2.20 लाख बैग का उठान किया गया। सरसों बेचने के उपरांत किसानों को 5650 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 28 अप्रैल तक का ऑनलाईन भुगतान किया जा चुका है। वेयर हाउस के अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि खरीदी गई सरसों का उठान कर उसे जींद, रोहतक, पानीपत, धारूहेड़ा, इसराना के गोदामों में भेजा गया है। पुरानी मंडी में 1.16 लाख बैग गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिसमें से 58 हजार बैग का उठान किया गया है। खरीदे गए गेहूं को फूड सप्लाई के महेंद्रगढ़ स्थित गोदाम के अलावा रेवाड़ी में लगाए जा रहे रैक में रखवाया जाएगा।

**अब प्राइवेट में होगी बिक्री:** सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद बंद होने के पश्चात अब मंडी में व्यापारी सरसों की प्राइवेट में बोली लगाकर खरीद कर सकेंगे। हालांकि खरीद बंद होने के आज पहले दिन व्यापारियों के पास सरसों बिक्री के लिए नहीं पहुंची है, लेकिन इसके दो-चार दिन में जरूरतमंद किसानों के व्यापारियों के पास आने की संभावना है।

### यह कहती हैं अधिकारी:

*स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक रुबी हुड्डा ने बताया कि सरसों की सरकारी खरीद अब बंद कर दी गई है। गुरुवार को कोई किसान भी नहीं आए। अब केवल उठान बाकी है। उठान में बारदाना नहीं होने तथा गोदाम नहीं मिलने के कारण कुछ समस्या आ रही है। एक-दो दिन में यह समस्याएं हल होने पर उठान में तेजी लाई जा सकेगी और अगले चार-पांच दिनों में मंडी खाली कर दी जाएगी।*

## कांग्रेस प्रत्याशी दानसिंह आज भरेंगे पर्चा

- नारनौल के सीएल फार्म हाउस में कार्यकर्ताओं से होंगे रूबरू होने के बाद करेंगे नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राव दानसिंह शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले राव दानसिंह नारनौल के सीएल फार्म हाउस में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। वीरवार को पूर्व सीपीएस राव दानसिंह ने अटेली विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय का उद्घाटन किया। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज देश नफरत भरी आसुरी शक्तियों से लड़ाई लड़ रहा है, देश की सबसे बड़ी ताकत लोकतंत्र और सबसे कीमती धरोहर संविधान को लूटा जा रहा हैं। विरोधी दलों के बैंक खाते फ्रीज किए जा रहे हैं। परिवर्तन के इस यज्ञ में प्रदेशवासी अपनी आहुति डालकर कांग्रेस उम्मीदवारों जीत के संकल्प के साथ मतदान में हिस्सेदारी लेकर कांग्रेस के साथ आकर हर वर्ग के न्याय की गारंटी सुनिश्चित करें। देश में बढ़ती महंगाई, असमानता, बेरोजगारी व राजनीतिक भ्रष्टाचार का विरोध करने एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सभी को एकजुटता के साथ आगे आना होगा। नारनौल बार एसोसिएशन राव दानसिंह का स्वागत किया गया। नारनौल में पार्टी कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद कार्यकर्ताओं की बैठक ली। नांगल चौधरी में भी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को रसातल में पहुंचाने वाली भाजपा को सबक सिखाने का समय आ चुका है। यह चुनाव परिणाम दस साल के अहंकार व तानाशाही का अंत करेगा। चुनावों में राहुल गांधी की गारंटी चलेगी और इंडिया गठबंधन जीतेगा। 400 पार का नारा देने वाली भाजपा सरकार बहुमत का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाएंगी। कांग्रेस हरियाणा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीतेगी।

## बेजुबान परिंदों के लिए गांवों में पानी के सकोरे रख ग्रामीणों को दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

दिनोंदिन बढ़ती जा रही गर्मी को देखते हुए कुछ सामजिक संगठनों व ग्रामीणों की ओर से बेजुबान परिंदों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई है। जिससे आमजन प्रेरणा ले रहे हैं। गुढ़ा गांव में पक्षियों के लिए सकोरे रखे गए हैं। वहीं भोजावास, कोका, धनौंदा, खेड़ी व कनीना में भी जानवरों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई है। कनीना के 132 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन में कार्यरत जेई रामरतन शर्मा ने बताया कि बिजली घर प्रांगण में पानी के सकोरे रखे गए हैं, जबकि पेड़ पर दाना डालने का मचान बनाया गया है। गुढ़ा गांव में दादा छाजुवीर आश्रम, भोजावास में गौशाला प्रांगण, कोका के कुड़ी आश्रम, खेड़ी के बाबा लालगिरी आश्रम



तथा धनौंदा के मंहत कृष्णानंद आश्रम में भी परिंदों के लिए दाना-पानी का इंतजाम किया गया है। जानवरों की जान बचाने की दिशा में किए गए इन प्रयासों से आमजन भी प्रेरणा ले रहे हैं।

### खबर संक्षेप

#### विहिप के सहमंत्री ने कनीना में दिया प्रवचन

**कनीना।** विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय सहमंत्री रास बिहारी वीरवार को कनीना पहुंचे। बाबा मस्तनाथ विवि अस्थल बोहर के पूर्व वीसी डा. रमेश यादव भी थे। राधा कृष्ण मंदिर व शिव मंदिर इसराना में उन्होंने राम राज्य की कल्पना को साकार रूप प्रदान करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। इस मौके पर अध्यक्ष विजेश यादव, दीपक कुमार, मोहित, मोहन सिंह, शिवकुमार अग्रवाल, ओमप्रकाश निशानिया आदि मौजूद रहे।

#### तोबड़ा के नंबरदार ओमप्रकाश का निधन

**मंडी अटेली।** गांव तोबड़ा के नंबरदार ओमप्रकाश 80 का बीमारी के चलते निधन हो गया। वह अपने पीछे दो भाई समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। सरपंच आशा देवी, सुरेश वकील, हरिसिंह, मुकेश कौशिक, धीरज तोबड़ा, सुनील कुमार, रामजीलाल व राहुल आदि ने किया है।

## भोजावास के 23 वर्षीय शुभम ने 18वीं बार किया रक्तदान



नांगल चौधरी। युवा साथी ग्रुप एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रिटायर्ड डिप्टी डीईओ भूपसिंह के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें युवाओं को शारीरिक स्वास्थ्य में रक्तदान की अनिवार्यता से अवगत करवाया। साथ ही रक्तदान करने वाले युवाओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया गया। हिमांशु, मंजीत गुणवाल ने बताया कि युवाओं में रक्तदान का जुनून बढ़ रहा है। भोजावास निवासी 23 वर्षीय शुभम कुमार ने 18वीं बार रक्तदान करके समाज को परोपकार भावना संजोने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से रक्त में कोलेस्ट्रोल संतुलित रहता है और हार्ट स्पीड नियंत्रित रहती है। तर्क दिया कि करोड़ों खर्च करके भी रक्त का उत्पादन नहीं कर सकते। डोनेट शिविरों से एकत्र किया गया खून ही जीवन का आधार होता है। शिविर में 22 यूनिट रक्त एकत्र किया। इस मौके पूर्व सरपंच रामनिवास, लीलाराम, लहरी सिंह, महाराम, हरफूल चौधरी, बलबीर, उमराव, प्रवीण चौधरी मौजूद रहे।

#### किसान के सोलर पंप की केबल चोरी

**भाड़ावास।** सुठानी गांव में चोर एक किसान के सोलर पंप की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में छोटेलाल ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर पंप सेट लगवाया हुआ है। रात के समय चोर उसके सोलर सिस्टम की एक पैनल से दूसरे पैनल को जोड़ने वाली केबल और अर्थिंग केबल चोरी कर ले गए।

## स्टेट के लिए चार खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




हरियाणा स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 28 अप्रैल तक किया गया। इस बारे में जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार ने बताया कि जिले के चार खिलाड़ियों का राज्य स्तर प्रतियोगिता में चयन हुआ। उन्होंने बताया कि इनके अलावा सिहोर गांव के विश्वजीत पुत्र रामेर ने 585 किलोग्राम भार उठाकर 74 किलोग्राम जूनियर भार वर्ग में जिले का नाम रोशन किया है। जिसका छह से नौ जून तक गंगानगर में होने वाली जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ। इस अवसर पर हरियाणा पावर लिफ्टिंग संगठन के महासचिव गोपाल कृष्ण व संगठन सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई

### पुलिस ने बाइक चालक से 820 ग्राम गांजा किया बरामद, केस दर्ज

**कनीना।** सदर थाना पुलिस ने छापेमारी कर कपूरी ठेके के नजदीक से एक बाइक चालक से 820 ग्राम गांजा बरामद किया है। थाना अध्यक्ष निरीक्षक रामनाथ ने बताया कि एसपी अर्श वर्मा के दिशानिर्देश में नशे के प्रति अभियान चलाया हुआ है। जिसे सफल बनाने के लिए पुलिस नशा तस्करों पर नजर टिकाए हुए है। सूचना पर पुलिस टीम ने कपूरी ठेके के समीप एक बाइक चालक को काबू कर पूछताछ की। जिसमें वह बयान बदलने लगा। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद ड्यूटी मैजिस्टेट ईटीओ विक्रांत यादव की उपस्थिति में उसकी तलाशी ली गई। जिसमें एक पॉलीथिन बरामद हुई। जांच करने पर पता चला कि पॉलीथिन में गांजा है। जिसका वजन किया गया तो 820 ग्राम मिला। पुलिस ने बाइक सहित गांजा कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। आरोपित की पहचान संदीप कुमार वासी रामबास के रूप में हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

परेशानी — पांच मई तक काम नहीं हुआ तो ग्रामीण लघु सचिवालय में देंगे धरना: बलवान फौजी

# बेरी से भांडोर निची की सड़क को उखाड़कर भूला पीडब्ल्यूडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। प्रशासन के प्रति नारेबाजी करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

गांव बेरी से भांडोर निची की ओर जाने वाली सड़क इन दिनों खस्ता हालत है। सड़क की खराब होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वीरवार को समाजसेवी बलवान फौजी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन के प्रति नारेबाजी कर रोष जताया है। इसके उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई अनिल कुमार से बात की तो उन्होंने पांच मई तक सड़क ठीक करने का आश्वासन दिया हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर पांच मई तक सड़क नहीं बनाई तो लघुसचिवालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी ने छह महीने पहले बेरी से भांडोर निची की सड़क उखाड़ी थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग सड़क को उखाड़कर भूल गया है। अभी तक विभाग द्वारा सड़क बनाना तो दूर, रिपेयर करना भी उचित नहीं समझ रहे हैं। विभाग द्वारा सड़क उखाड़ने से ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। सड़क में हर चार कदम की दूरी पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। आए दिन यहां हादसे होने की आशंका बनी रहती है। यह सड़क मार्ग मात्र तीन किमी का है, लेकिन इसकी कोई सुध नहीं ले रहा है। इस मार्ग से सैकड़ों वाहन आते-जाते है। मगर इसका कोई धनी-धोरी नहीं है। उन्होंने बताया कि इस सड़क पर रोड़ियां बिखरने से रोजाना दुपहिया वाहन पंचर होना एवं बड़े वाहन कि एक्सेल कबानी टूटना रोजमर्रा का काम हो गया है। वाहन चालक इस मार्ग से बेहद परेशान है। इसके चलते आए दिन यहां बाइक वाले गिरकर हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों के लिए यह रोड काफी खतरनाक साबित होता है। रात्रि के समय अंधेरा रहने से लोगों को यहां गड्ढे नहीं दिखते हैं। इसके अलावा बरसात में तो यहां स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। जब लोग रोड में पानी भरा रहने से यह समझ नहीं पाते की कहां गड्ढे हैं और कहां सड़क हैं और उसमें गिरकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। धूल-मिट्टी उड़ने से वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं।

### ये रहे मौजूद:

इस मौके पर डॉ. धर्मवीर पायगा, संदीप इंजीनियर, सरपंच सत्यवान, एडवोकेट अशोक कुमार, जगदेव फौजी, राजकुमार यादव, मुकेश कुमार, सहीराम, जितेंद्र डाबला, राजेश मिस्त्री, धर्मवीर, महीपाल, रामौतार, दीपक, सोनू, आलोक यादव, वारंट ऑफिसर राम भगत यादव, सूबेदार अभय यादव व कैप्टन विजय प्रकाश सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।